## खबर संक्षेप



### ओडिशा के सीएम का नगर में हुआ स्वागत

**महासमुंद।** नुआपड़ा उपचुनाव के प्रचार के बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी रायपुर प्रस्थान के दौरान महासमुंद नेहरू चौक में स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, हरबंस सिंह ढिल्लो, मनीष शर्मा, पीयूष साहू, ऋषभ बफाना, राजू चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, हनीश बग्गा, अमन वर्मा, रमेश साहू, अमित साहू, डमरू माझी, कुशल साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किडनी रोग प्रोटेस्ट पथरी एवं मूत्र रोग जांच परीक्षण आज

**महासमुंद।** स्थानीय महासमुन्द मेडिकल स्टोर्स में 09 नवंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किडनी रोग, प्रोटेस्ट, पथरी एवं मूत्र रोग जांच की जाएगी। जिसमें किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. ताज मोहम्मद सिद्दीकी एमबीबीएस, एमए, एमसीएच (यूरोलॉजी एवं एनल ट्रांसप्लांट) डीकेएस पीजीआई एवं अनुसंधान केंद्र रायपुर अपनी सेवाएं देंगे। किड्नी रोग एवं मूत्र रोग में मूत्र त्यागने में शुरुआती दिक्कत, बार बार मूत्र त्यागने या रुक रुक के आना, खासकर रात्रि में, पेशाब के बाद बूंदों का टपकते रहना, पेशाब रोक न पाना या पेशाब में जलन होना, पेशाब शुरु करने में परेशानी होना, पेशाब करने के बाद फिर पेशाब करने की इच्छा, बुखार, कपकपी, मितली, उल्टी आना, बिना चीरे के दूरबीन द्वारा गुर्दे, पेशाब नली एवं मूत्राशय के पथरी का इलाज, प्रोटेस्ट की समस्याओं का सम्पूर्ण ईलाज, पुरुष बांझपन एवं नपुंसकता का ईलाज, किडनी रोग संबंधी सलाह की आवश्यकता महसूस करना, उच्च रक्त चाप व डायबिटीज (मधुमेह) किड्नी रोग, से पीड़ित प्रभावित मरीज जांच करा सकते हैं।

### जनजाति गौरव दिवस पखवाड़ा के तहत हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** जनजाति गौरव दिवस पखवाड़ा के तहत स्थानीय सेजेस (हिंदी माध्यम) विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में चित्रकला, नृत्य कला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। चित्रकला में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए बिरसा मुंडा, गुंडाधूर, वीर नारायण सिंह, अहिल्याबाई का चित्र बनाकर उनकी जीवनी बनाई गई। जिसमें प्रथम सागर चंद्राकर, द्वितीय कान्हा सोनी, तृतीय प्रेक्षा सिन्हा रहे। शाला के छात्राओं द्वारा बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित नृत्य, नाटक पर प्रस्तुति किया गया। शाला के प्रधान पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी जनजाति सदैव हमारे गौरव रहे हैं, इन्हीं के बलिदान स्वरूप आज हम स्वतंत्रता पूर्वक जिंदगी जी रहे हैं। बिरसा मुंडा के जैसे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत के राष्ट्र निर्माण एवं भारतीय संस्कृतियों को बनाए रखने में हम भूमिका निभाई थी।

## सुनसुनिया आवासीय विद्यालय में हुआ मां-बेटी सम्मेलन





**महासमुंद।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया बागबाहरा में मां बेटी सम्मेलन के उपलक्ष्य में नेवता भोज का आयोजन किया गया। एडीएम नमिता मार्कोली द्वारा बालिकाओं से बातचीत की गई। साथ में नेवता भोजन किया गया। साथ ही आवासीय परिसर एवं स्टोर कक्ष का निरीक्षण किया गया। एपीसी बालिका शिक्षा द्वारा बालिकाओं को मेरिट लिस्ट में आने तथा सभी बालिकाओं को ए ग्रेड में पास होने के लिए कड़ी मेहनत कर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। बीईओ बागबाहरा द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम बागबाहरा नमिता मार्कोली, एपीसी महासमुंद विद्या साहू, बीईओ बागबाहरा कौशल कुमार वर्मा, सीएसी बागबाहरा भूपेंद्र निराला आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में अधीक्षिका रक्षा साहू, अन्य स्टाफ, समस्त पालकगण सीएमसी का सहयोग सराहनीय रहा।

## मोहमेला-सिरपुर बैराज को मिली मंजूरी, सिंचाई सहित अन्य सुविधाओं का होगा विस्तारः योगेश्वर



**महासमुंद।** राज्य में सिंचाई विकास को लेकर एक और बड़ी परियोजना शुरू होने वाली है। महानदी पर बनने वाले मोहमेला-सिरपुर बैराज परियोजना को राज्य परियोजना मंडल की मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना से राजधानी के आरंग क्षेत्र से होकर सिरपुर तक भू-जल संवर्धन, पेयजल और किसानों को निस्तारी के साथ लिफ्ट इरीगेशन की सुविधा भी मिल पाएगी। योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय से जारी प्रेस नोट के अनुसार राज्य परियोजना मंडल द्वारा प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिल गई है। परियोजना मंडल की मंजूरी के बाद रायपुर जिले के आरंग विकासखंड में मोहमेला से सिरपुर तक बैराज निर्माण का काम पूरा किया जाएगा। इस निर्माण से क्षेत्र के लगभग 12 गांवों के किसानों को खरीफ फसल के लिए करीब 1803 हेक्टेयर क्षेत्र में भूमि में लिफ्ट कर पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई सुविधा मिल पाएगी। इसके अलावा आसपास के किसानों को निस्तारी की सुविधा भी मिलेगी। सिंचाई के साथ-साथ आवागमन सुविधा और भी बेहतर हो पाएगी। पलारी क्षेत्र से सिरपुर की दूरी में भी लगभग 43 किमी की कमी आएगी। गौरतलब है कि महानदी पर इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का लंबे समय से इंतजार था।

# पिथौरा में पत्रकारों का दीपावली मिलन आज, गूंजेंगे हास्य कविताओं के ठहाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

श्रमजीवी पत्रकार संघ का भव्य दीपावली मिलन समारोह आज पिथौरा वन काष्ठागार परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेशभर के पत्रकारों का जुटान होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर अपनी लोकप्रिय कविताओं का रस बरसाएंगे, वहीं भाटापारा के चर्चित हास्य कवि कृष्णा भारती अपनी व्यंग्यपूर्ण कविताओं से ठहाके बिखेरेंगे।

विगत कई वर्षों से श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित यह दीपावली मिलन समारोह पत्रकारों का प्रमुख वार्षिक आयोजन बन चुका है। कार्यक्रम 9 नवंबर (रविवार) को दो सत्रों में होगा। पहले सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मीर अली मीर और कृष्णा भारती के साथ प्रदेश के अन्य कवि भी प्रस्तुति देंगे। इस सत्र की मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी होंगी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में रामावतार तिवारी (सम्पादक), जिला भाजपा अध्यक्ष एतराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार स्वराज करुण, नीरज गजेन्द्र, मनोज मिश्रा, स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा एवं नीलकंठ साहू शामिल होंगे।

दूसरे सत्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पत्रकारिता, साहित्य, शिक्षा, खेल, कला और समाज सेवा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस सत्र के मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल होंगे तथा अध्यक्षता अरविंद अवस्थी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सराईपाली विधायक चातुरी नंद, जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, साहित्यकार एवं पत्रकार कृष्णानंद दुबे, प्रेस क्लब महासमुंद अध्यक्ष रत्नेश सोनी, उमेश दीक्षित, जनाब खान एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष करण दीवान शामिल रहेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी और तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू ने सभी पत्रकार साथियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# सीपीआर जागरुकता के लिए नृत्य नाटिका एवं ज़ुम्बा की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस द्वारा जन-जागरूकता के लिए विविध समाजसेवी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के पर मिनी स्टेडियम महासमुंद में सीपीआर (सीपीआर) के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। साथ ही स्वास्थ्य सेवा एवं मैत्री के संदेश को प्रसारित करने के लिए विद्यालयीन बच्चों द्वारा जुम्बा परफॉर्मेंस भी किया गया। नृत्य निर्देशन एवं सहभागिता किरण पटेल व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा की गई,



जिनके साथ विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई तथा रेडक्रॉस के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस वालंटियर्स की टीम द्वारा निरंतर किए जा रहे समाजोपयोगी कार्यों पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, सड़क सुरक्षा, महिला एवं बाल स्वास्थ्य तथा रक्तदान शिविरों के साथ-साथ सीपीआर प्रशिक्षण की आवश्यकता और नशामुक्ति जागरूकता पर भी विशेष बल दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कलेक्टर द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही जिला पदाधिकारियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा भी सराहना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक, विद्यार्थी एवं रेडक्रॉस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पुनरीक्षण कार्य को लेकर जागरुकता का परिचय दें नागरिक : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने अब 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू कर दिया है। इसका लक्ष्य मतदाता सूचियों को अपडेट करना, जो बार-बार होने वाले प्रवास, मृत मतदाताओं और अन्य अशुद्धियों से प्रभावित हुई हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने विशेष तौर पर इलेक्शन कमेटी का ध्यान आकृष्ट कराया था। एसआईआर को लेकर बिहार के अनुभवों से सीखते हुए हर नागरिक को जागरूक होना होगा। चंद्राकर ने अपील की है कि कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित आम जन अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होकर एसआईआर अभियान की निगरानी करें। संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से कटने ना पाए। उन्होंने कहा रोजगार की तलाश में बाहर गए लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाने का भय है, इस पर सभी को सतर्क रहना होगा और गरीब, पात्र लोगों का नाम सूची से न कटे इसका प्रयास करना होगा। भाजपा ने वोट चोरी करने के लिए बिहार चुनाव में हजारों पात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटवा दिए हैं, इन्हीं विसंगतियों को दूर करने एसआईआर अभियान महत्वपूर्ण हैं।



## श्रीमद भागवत कथा में हुआ कृष्ण-रुक्मिणी विवाह



**महासमुंद।** आमासिवनी गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए।कथावाचक अशोक कृष्ण महाराज ने उधव चरित्र, रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान कृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में कृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का सफल संचालन के लिए आयोजक मंडली के लक्ष्मी नाथ साहू समेत साहू परिवार व उनके सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

# कॉलेज में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय स्तरीय एक दिवसीय कार्यक्रम अधिकारियों की कार्यशाला शनिवार को आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी छग शासन उच्च शिक्षा विभाग रही। मुख्य वक्ता अभिषेक त्रिपाठी छग यूनिसेफ, अध्यक्षता प्राचार्य करुणा दुबे, संयोजक डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद मंचस्थ रहे। कार्यशाला का विषय सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 रहा।



मंचस्थ अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में डॉ मालती तिवारी ने कहा कि यूनिसेफ एवं रासेयो के संयुक्त विगत वर्षों से बाल अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा एवं पोषण पर कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। फेस 3 कार्यक्रम में भी हम निरंतर इस कार्यक्रम का सफल बनाने का प्रयास करेंगे। प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि हम ग्रामों में बच्चों एवं समाज के मध्य जाकर बाल अधिकार एवं संरक्षण का जागरूकता अभियान फैलाना है। कार्यशाला में रायपुर संभाग के महासमुंद, रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, धमतरी जिले के 100 कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित रहे। सभी कार्यक्रम अधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने किया।

## वंदे मातरम के 150वें वर्षगांठ पर आत्मानंद शासकीय आदर्श अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में वंदे मातरम के 150वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य प्रो. अनुसुइया अग्रवाल (डी लिट) के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वंदे मातरम 150वीं वर्षगांठ पर दिया गया प्रेरणादायक उद्बोधन डिजिटली सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा देखा और सुना गया। प्राचार्य प्रो. अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस गीत के भावों को अपने आचरण और जीवन में उतारें। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकार हिन्दी, अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष रवि कुमार देवांगन, वाणिज्य संकाय विभागाध्यक्ष तरुण कुमार बांधे एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस. मैथ्यू समाजशास्त्र, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, मुकेश सिन्हा कंप्युटर एप्लिकेशन, हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान, माधुरी दीवान वाणिज्य, संजय कुमार अंग्रेजी, खुशबू सिन्हा ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज में वंदेमातरम गीत के 150वीं वर्षगांठ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शासन के आदेशानुसार 7 नवंबर 2025 को प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन एवं विधायक व अध्यक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति महाविद्यालय योगेश्वर राजू सिन्हा के मार्गदर्शन में वंदेमातरम गीत के 150वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात वंदे मातरम्‍ गीत का गायन विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम में प्राचार्य करुणा दुबे ने स्वागत उदबोधन में कहा कि आज हम यहां अपने देश के प्रति सम्मान और समर्पण व्यक्त करने के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्होनें सभी से वंदे मातरम गीत को गाकर अपने देश के प्रति अपनी भावना व्यक्त करने और और अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी की जानकारी दी। विधायक ने अपने उदबोधन में कहा कि वंदे मातरम के इस सामूहिक गान का यह अदभुत अनुभव वाकई अभिव्यक्ति से परे है। इतनी सारी आवाजों में लय, स्वर, भाव, रोमांच, प्रवाह से तरंग सा महसूस होता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम मां भारती की आराधना है, हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता है। सभी उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने वंदेमातरम गीत का गायन किया गया।

कार्यक्रम में देवीचंद राठी, रमेश साहू, पवन पटेल, शरद मराठा, राजू चंद्राकर, डॉ रीता पांडे, डॉ मालती तिवारी, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ दुर्गावती भारतीय, अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, दिलीप लहरे, राजेश्वरी सोनी, डॉ अजय कुमार देवांगन, आशुतोष पुरी गोस्वामी, कपिल पेदंरिया, मुकेश पेंदरिया, प्रकाशमणि साहू, अरविंद प्रहरे, अंकिता साहू आदि मौजूद रहे।





